
International Journal of Scientific Research

Indexed with International ISSN Directory, Paris

Volume 1 | Issue 2 | July 2012



ISSN No. 2277 – 8179

A Multi-Subject Journal

ISSN No. 2277 – 8179

International Journal of Scientific Research

Journal for All Subjects

Advertisement Details

Position	B/W (Single Color)	Fore Color
Full Inside Cover	₹ 6250	₹ 12500
Full Page (Inside)	₹ 5000	-

Subscription Details

Period	Amount Payable
One Year (12 Issues)	₹ 3000
Two Year (24 issues)	₹ 5800
Three Year (36 issues)	₹ 8700
Five Year (60 issues)	₹ 14400

You can download the Advertisement / Subscription Form from website www.gra.in. You will require to print the form. Please fill the form completely and send it to the **Editor, International Journal of Scientific Research** along with the payment in the form of Demand Draft/Cheque at Par drawn in favour of **International Journal of Scientific Research** payable at Ahmedabad.

Editor-In-Chief

Khansa Memon
Editor, Sarah Publishing Academy

Editorial Advisory Board

Dr. Ashok S. Pawar
Associate Professor, Dept. of Economic
Dr. Babaasaheb Ambedkar
Marathwada.University, Aurngabad

Dr.(Prof) Vijay Kumar Soni
Principal,
Jai Meenesh College, Phagi,
Jaipur, Rajasthan

Dr. A.R. Saravankumar
Assistant Professor in Education
DDE, Alagappa University,
Tamilnadu

Dr.R.Ramachandran
Commerce Dde
Annamalai University
Tamilnadu India

Dr. R Ganpathy
Assistant Professor in Commerce
Directorate of Distance Education
Alagappa University Karaikudi.

Dr. Amit Bandyopadhyay
Assistant Professor
Department of Physiology
University of Calcutta

Dr. V. Kumaravel,
Professor and Head
Vivekanandha Buss. School for Women
Tiruchengode, Namakkal Dist

Dr. K. Prabhakar,
Professor,
Department of Manag. Studies,
Velammal Engg College, Chennai

Dr. Sunita J. Rathod
Maharashtra Education
Service Group-B
DIET Dist. Jalna

1. Thoughts, language vision and example in published research paper are entirely of author of research paper. It is not necessary that both editor and editorial board are satisfied by the research paper. The responsibility of the matter of research paper/article is entirely of author.
2. Editing of the **International Journal of Scientific Research** is processed without any remittance. The selection and publication is done after recommendations of atleast two subject expert referees.
3. In any condition if any National/International University denies accepting the research paper published in IJSR then it is not the responsibility of Editor, Publisher and Management.
4. Only the first author is entitle to receive the copies of all co-authors
5. Before re-use of published research paper in any manner, it is compulsory to take written permission from the Editor-IJSR, unless it will be assumed as disobedience of copyright rules.
5. All the legal undertaking related to **International Journal of Scientific Research** is subject to Ahmedabad Jurisdiction.
7. The research journal will be send by normal post. If the journal is not received by the author of research papers then it will not be the responsibility of the Editor and publisher. The amount for registered post should be borne by author of the research paper in case of second copy of the journal.

Editor,
INTERNATIONAL JOURNAL OF SCIENTIFIC RESEARCH
3, SUHANA, Nr. Rubi Apartment, B/H NID, Rajnagar Road,
Paldi – 380007. Ahmedabad-Gujarat. (INDIA)
Contact: +91 98247 02127, +91 88660 03636
Www.theglobaljournals.com | ijsr@theglobaljournals.com

INDEX

Sr. No.	Title	Author	Subject	Page No.
1	Ionic composition of a freshwater lake and its implications on aquaculture	Dr. Shankar P. Hosmani	Biotechnology	1-2
2	Growth and Performance of Mutual Fund Industry in India	Dr. M. K. Maru	Commerce	3-4
3	Waste Management: A New Paradigm of Contemporary Business	Dr. Vipul Chalotra	Commerce	5-6
4	Rural Financial Services in J&K (A study in the field of financial services sector development)	Tarsem lal	Commerce	7-8
5	Banyan, the National Tree of India	Dr. J.K. Sehgal	Commerce	9-10
6	Impact of Online Marketing on Customers with Special Reference to Coimbatore City	Dr. R. Ganapathi	Commerce	11-15
7	Customers' Attitude towards Housing Loan With Reference to Commercial and Rural Banks	Dr. R. Ganapathi, Mrs. B. VIDYA	Commerce	16-23
8	Consumer Behaviour towards Broiler Chicken Retail Stores With Reference to Madurai City	P. Easwaran, J. Gnanadevan, Dr. R. Ganapathi	Commerce	24-30
9	Data Security and Protection in Cloud Computing	Shameena Begum, V. Ratna Vasuki, K.V.V.Srinivas	Computer Science	31-34
10	Foreign Direct Investment in India – An Explanatory Study	Dr. K.Madhu Babu	Economics	35-38
11	Growth - Saving Causality in India: A Cointegration Analysis	Dr. Shradha H. Budhedeo	Economics	39-42
12	Constitutional perspectives on Labour Wages in India	Dr. Shankar Ambhore, Dr. Dilip Arjune, Manish Parshuram Pawar, Dr. Ashok Shankarrao Pawar	Economics	43-45
13	A Critical Study of Special Economic Zones in India	Dr. Shankar Ambhore, Dr. Dilip Arjune, Manish Parshuram Pawar, Dr. Ashok Shankarrao Pawar	Economics	46-48
14	Industrial Relations - Settlement of Disputes in India	Dr. Shankar Ambhore, Dr. Dilip Arjune, Manish Parshuram Pawar, Dr. Ashok Shankarrao Pawar	Economics	49-50
15	AMLA - ITS MEDICINAL USES	Manisha Gaur	Economics	51-52
16	The Role Of Total Quality Management In Higher Education	Ramesh B. Sakhiya	Education	53-55
17	Perceived Competencies Of Graduate Teacher Trainees In The Intensive Teaching Practice [I T P] Session	Dr M. Parimala Fathima, N.Sasikumar, M. Panimalar Roja	Education	56-58
18	Uchch Siksha Ki Rah Men Dushvariyan	Dr. Anup Chaturvedi	Education	59-60
19	Fault Diagnoses of Rotating Machinery with Advance Signal Processing Methods	Prof. Divyang H. Pandya, Prof. Ankit A. Darji	Engineering	61-63
20	A Hybrid Neural Network Approach for Wind Speed Prediction	S.N Deepa, K.gnana Sheela	Engineering	64-67
21	A Study on Phishing: Preventions and Anti-Phishing Solutions	V.Karamchand Gandhi, Prof R.Senthil Kumar	Engineering	68-69
22	The Killari 1993 Intracratonic Earthquake- a Comparative Study	S.S. Patil, K.L. Karkare, I.B. Ghorade	Environment	70-72
23	Cosmic Plants as Alternative Medicine	Dr. Sneh Harshendra Sharma	Environment	73-77


24	Green Initiatives for Reducing Carbon Footprint	Dr Mahalaxmi Krishnan	Environment Science	78-79
25	Prediction of Urban Sprawl in Hyderabad City using Spatial Model, Remote Sensing and GIS Techniques	S. Indhira Gandhi, Dr. V. Madha Suresh	Geography	80-81
26	Tectono-Provenance and Reservoir Rock Characteristics of the Tipam Sandstones in Parts of Upper Assam Basin	Dr. Pradip Borgohain	Geology	82-84
27	(Jansanchar Aur Bharatiya Samaj)	Dr Subodh Kumar	Journalism	85-86
28	An Overview of Industrial Disputes Settlement Authorities in India	Manish Parshuram Pawar, Dr. Ashok Shankarrao Pawar	Law	87-88
29	Innovative Method of Role Play for Developing English Language Teaching and Learning	K Rajkumar	Literature	89-91
30	Impact of Workers Participation in Management on Industrial Relations	Anuradha Averineni	Management	92-93
31	Consumers Preferences , Behaviour and Satisfaction with respect to banking services quality in Ghaziabad(NCR Region)	Prof(Dr.)H. P. Pandey, Mr. Ashish kumar Singh	Management	94-96
32	Factors Influencing Employee Branding in Higher Educational Institutions: A Special Reference to Management Institutions in Virudhunagar District in Tamilnadu	Jegadeeswari. Mani, Dr. S. Franklin John S.	Management	97-98
33	Evaluation of Service Quality in Internet Banking: An Empirical Study in Coimbatore	Ms. R. Gokilavani, Dr. R. Ganapathi	Management	99-101
34	To Study the Relationship Between Gender & Banking Preferences of Management Graduates at Ibmrd, Ahmednagar	Rajendrasingh Pardeshi, Gadekar Vithal Laxman	Management	102-103
35	FCB model of Advertising Strategy	Prof. Arvind Rathod	Management	104-107
36	Assessing Beneficiary Satisfaction with Service Delivery of Non Governmental Organizations (NGOs)	Dr Papori Baruah, Bhaskar Jyoti Barthakur	Management	108-111
37	Current Trends in Human Resource Management	Dr. Kalyani Kenneth, Mrs.R.Aruna jayamani	Management	112-113
38	“Indian Banking – A Future Ahead”	Haresh B. Barot	Management	114-116
39	Financial Inclusion-Banking Services to the Common Man	Dr. M. Venkata Subba Reddy, Mr. M.s.udaya Banu	Management	117-118
40	A study of Service Marketing Mix w.r.to b-schools in Mumbai	Dr. Balaji S. Mudholkar	Management	119-120
41	A Study on the Customers Opinion on the Benefits of the Credit Cards Around Combatore District	Mrs. G. Murali Manokari	Management	121-123
42	A Study on the Job Satisfaction of the Employees at Sri Kannan Departmental Stores, Coimbatore	Mrs. G. Murali Manokari, Mrs.r.kanaka Rathinam, Mr. G. Lenin Kumar	Management	124-126
43	Foreign Direct Investment In Indian Retail Sector: A Critical Evaluation	Dr. Raghavendra Dwivedi, Ram Kumar	Management	127-128
44	Emerging Challenges to Cyber Security-Internet Monitoring with Specific reference to National Security	Triveni Singh	Management	129-131
45	An Empirical Study of Consumer Impulse Buying Behavior in domestic Markets (special reference to Ahmednagar, (M.S) India.)	Gadekar Vithal Laxman	Marketing	132-135
46	Insomnia and the performance of general population: Results from the Insomnia Survey	Miss Ketaki Sathe, Dr G S Shekhawat	Medical Science	136-137
47	Transition in Human Resource for Health: Challenges Ahead	Dr. Pawan Kumar, Dr. Abdul Majeed Khan	Medical Science	138-139

48	Kartageners Syndrome- A Case Report	Dr. Ramakrishna Ghubde, Dr. Archana Shekokar	Medical Science	140-141
49	Perceptual challenges in auditory neural processing in neurodegenerative conditions like Fredereich Ataxia	Mr. Ayas Muhammed, Ms. Archana, Dr. Rajashekhar	Medical Science	142-143
50	Transient Auditory Dysynchrony Due to Non-Maturational Causes Evidenced by ABR – A Case Report	HariPrakash. P, Sangeetha. G, Bhargavi P.G	Medical Science	144-146
51	Study on Sphenoid Sinsuses Variants in Magnetic Resonance Imaging of South Indian Population	Suresh Sukumar, Sushil Yadav	Medical Science	147-148
52	A Study to Find out the Prevalence and Effectiveness of Occupational Therapy Intervention for Pain and Activity Performance in Mobile Users with Risk of Repetitive Strain Injury	KR.Banumathe, V.Guruprasad, Leena Ann Lukose	Medical Science	149-151
53	Modified Falls Behavioral Scale for Indian Community Dwelling Older Adults	V.Guruprasad, Sebestina A D'Souza, KR.Banumathe	Medical Science	152-154
54	The Essence of Employees Training and its Impact on the Work Force in an Industry	Dr. Mohan Singhe	Organization Behavior	155-156
55	Scientific Behaviourism of Watson and Hull : A Philosophical Perspective	Dr. Jatinder Kumar Sharma	Philosophy	157-158
56	The growth of manganese oxide thin films by spray pyrolysis technique	M.Sudha, P.Duraisamy	Physics	159-161
57	Terrorism and Competitive Terrorism in India	S. Sreejith, P. Sakthivel	Political Science	162-164
58	Kuposhan Se Karahta Bachpan	Dr. Anup Chaturvedi	Social Science	165

Research Paper

Volume : 1 | Issue : 2 | July 2012 • ISSN No 2277 - 8179

Uchch Siksha Ki Rah Men Dushvariyan



Education

KEYWORDS : Uchch Siksha

Dr. Anup Chaturvedi कोर्स कोआर्डिनेटर इंडियन साइंस कम्युनिकेषन सोसाइटी (इस्कॉस) लखनऊ

ABSTRACT

शिक्षा व्यक्ति, समाज और राष्ट्र की प्रगति के लिए आवश्यक है। शिक्षा के माध्यम से समाज में व्याप्त असमानता और गैर–बराबरी को मिटाया जा सकता है। लेकिन यह तभी संभव होगा जब व्यवस्था चाक–चौबंद होगी। इस दिशा में केंद्र और राज्य सरकारें प्रयासरत तो हैं। लेकिन स्कूलों, कालेजों और विश्वविद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पड़े लाखों पद और उच्च शिक्षा के लिए अनुपलब्ध शैक्षिक ऋण शैक्षिक बदहाली को उजागर करने वाले हैं। इन दोनों समस्याओं को दूर करके ही शिक्षा व्यवस्था को पटरी पर लाया जा सकता है।

शिक्षकों के खाली पद–सरकारी आंकड़ों पर विश्वास करें तो केवल उत्तर प्रदेश में ही शिक्षकों के 3,12,222 पद रिक्त हैं। इसी तरह बिहार में 2,62,351 पश्चिम बंगाल में 1,80,945 छत्तीसगढ़ में 62,466 और राजस्थान में 51,100 पद रिक्त होने की खबरें हैं। केंद्र सरकार ने देश में शिक्षकों की कमी को देखते हुए विभिन्न भाषाओं में दक्ष शिक्षकों का एक डाटा बैंक तैयार करने की बात कही है। लेकिन यह कार्य आसान नहीं है। इसके लिए सरकार को दृढ़ इच्छाशक्ति के अलावा अतिरिक्त संसाधन जुटाने होंगे। साथ ही राज्यों की मदद भी लेनी होगी। लेकिन उससे पहले जरुरी यह है कि केंद्र व राज्य सरकारें रिक्त पड़े लाखों पदों को यथाशीघ्र भरें। केंद्र व राज्य सरकारों का पूरा फोकस प्राथमिक शिक्षा पर है। यह जरुरी है। लेकिन उच्च शिक्षा पर भी उनकी संजीदगी दिखनी चाहिए। किसी से छिपा नहीं है कि उच्च शिक्षा का हाल बेहद बुरा है। एक आंकड़े के मुताबिक 18 से 24 वर्ष के महज 12.4 फीसद विद्यार्थी ही विश्वविद्यालयों में प्रवेश पा रहें हैं। जबकि विश्व स्तर पर उच्च शिक्षा का औसत दर 23 फीसद के आसपास है। विकसित देशों की बात करें तो यह दर 40 फीसद से भी उपर है। अगर भविष्य में भारत को 30 फीसद का लक्ष्य हासिल करना है तो उसे आने वाले वर्षों में लगभग 800 विश्वविद्यालयों और 35000 कालेजों की जरुरत पूरी करनी होगी। फिलहाल देश में 480 विश्वविद्यालय और 22000 कालेज हैं। बावजूद इसके उच्च शिक्षा की सुलभता साकार नहीं हो पा रही है। उच्च शिक्षण संस्थानों के समक्ष अध्यापकों की कमी और जरुरी संसाधनों का अभाव एक भीषण चुनौती है। केंद्रीय विश्वविद्यालयों में शिक्षकों के कुल पदों की संख्या 16,602 है। इनमें से 6,542 पद रिक्त हैं। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजूकेशन एंड रिसर्च में कुल 518 पदों में 131 पद रिक्त हैं। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में कुल 618 पदों में 111 पद रिक्त हैं। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालाजी में शिक्षकों के कुल 5,092 पदों में 1,611 पद रिक्त हैं। इसी तरह इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इफॉर्मेशन टेक्नालाजी में कुल स्वीकृत 224 पदों में से 104 पद रिक्त हैं। जबकि नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलाजी के कुल 4,291 पदों में 1,497 पद रिक्त हैं। मंत्रालय के आंकड़ों पर विश्वास करें तो राज्य विश्वविद्यालयों में शिक्षकों के मंजूर पदों में 40 से 50 फीसद पद रिक्त हैं। जी0 के0 चड्ढा पे रिव्यू कमेटी की रिपोर्ट में कहा गया है कि हर विश्वविद्यालय में तकरीबन 45 फीसद से लेकर 52 फीसद तक शिक्षकों के पद खाली हैं। इनमें 44.6 फीसद पद प्रोफेसरों के हैं। यानी कुल स्वीकृत 2,469 पदों में से महज 1,367 पदों को ही भरा जा सका है। इसी तरह 51 फीसद रीडर के पद और 52 फीसद लेक्चरर के पद खाली हैं।

उच्च शिक्षा पर खर्च बेहद कमः


यूनेस्को की एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया के 70 फीसद वयस्क निरक्षर नौ देशों में रहते हैं। उनमें सर्वाधिक 24.74 फीसद भारत में हैं। उच्च शिक्षा के सन्दर्भ में भारत अभी भी विकसित देशों से काफी पीछे है। आज विकसित देश उच्च शिक्षा के लिए जहां कुल बजट का 6 से 7 फीसद खर्च कर रहें हैं, वहीं भारत अभी भी राष्ट्रीय आय का मात्र 0.42 फीसद धन खर्च कर रहा है। जबकि ज्ञान आयोग द्वारा सुझाव दिया गया है कि शिक्षा पर व्यय को राष्ट्रीय आय के 1.5 फीसद किया जाना चाहिए। अल्प बजट में उच्च शिक्षा के लक्ष्य को नहीं साधा जा सकता है। उच्च शिक्षा का लाभ अधिक से अधिक छात्रों को मिले इसके लिए सरकार बैंकों से कर्ज की व्यवस्था की है। किंतु बैंकों की टेढ़ी कार्यप्रणाली के कारण छात्रों को इसका लाभ मिलता नहीं दिख रहा है। एक आंकड़े के अनुसार अभी तक इतने प्रचार–प्रसार के बावजूद भी 2 से 3 फीसद छात्र ही शिक्षा ऋण प्राप्त करने में सफल हुए हैं। यह ऊंट के मुंह में जीरा है। सैम पैत्रोदा की अध्यक्षता में गठित राष्ट्रीय ज्ञान आयोग द्वारा कहा गया है कि 18–24 आयु वर्ग की आबादी का सिर्फ 7 फीसद भाग ही उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत है। जबकि दूसरी ओर आयोग द्वारा 2015 तक छात्रों की संख्या दुगनी होने का अनुमान लगाया गया है। पिछले दिनों राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण की रिपोर्ट में भी कुछ ऐसा ही कहा गया है। छात्रों की बढ़ती संख्या को देखते हुए आयोग ने सुझाव दिया है कि विश्वविद्यालयों की संख्या 1500 किया जाय। सरकार को इस दिशा में ठोस कदम उठाना चाहिए। आयोग ने यह भी सुझाव दिया है कि विश्वविद्यालयों को संबद्ध महाविद्यालयों की समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए महाविद्यालयों को स्वायतता प्रदान किया जाय। आमतौर पर भारत में महाविद्यालयों की व्यवस्था विश्वविद्यालयों के विकास में रोड़ा माना जाता है। लेकिन विडंबना कहा जाएगा कि सरकार विश्वविद्यालयों की स्थापना के बजाय अधिकाधिक महाविद्यालयों को खोलने पर उतारु है। महाविद्यालयों की विश्वविद्यालयों पर बढ़ती निर्भरता अब उस पर अतिरिक्त बोझ साबित होने लगी है। कुकुरमुत्ते की तरह उग आये सरकारी मान्यता प्राप्त इन महाविद्यालयों में न तो प्रशिक्षित अध्यापक हैं और न ही प्रायोगिक कार्यो के लिए जरुरी संसाधन उपलब्ध है। एक आंकड़े के अनुसार आज 85 फीसद इंजीनियरिंग और 40 फीसद मेडिकल कालेजों पर सरकार का नियंत्रण न के बराबर है। सब निजी क्षेत्र के हैं। अगर वाकई में सरकार उच्च शिक्षा के प्रति गंभीर है तो उसे कुछ कड़वे फैसले लेने होगें। मसलन शिक्षकों के रिक्त पड़े पदों को भरना होगा। शिक्षा के व्यवसायीकरण पर लगाम कसनी होगी। जरुरत के हिसाब से विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों की संख्या बढ़ानी होगी। प्रशिक्षित अध्यापकों की नियुक्ति के साथ–साथ तकनीकी संस्थाओं को जरुरी संसाधन उपलब्ध कराने होंगे। अन्यथा उच्च शिक्षा के लक्ष्य को हासिल करना कठिन होगा।

शैक्षिक ऋण की अनुपलब्धता–सरकार की लाख कोशिशों के बावजूद भी गरीब और जरुरतमंद छात्रों के लिए शैक्षणिक ऋण उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। इसके लिए कहीं न कहीं सरकार की शैक्षणिक ऋण नीति में व्याप्त खामियां ही जिम्मेदार है। आलम यह है कि वर्तमान समय में मात्र 0.9 प्रतिशत लोग ही उच्च शिक्षा के लिए शैक्षणिक ऋण की मांग कर रहें हैं। आर्थिक उदारीकरण के दौर में यह आंकड़ा बेहद ही कमजोर और शैक्षणिक विकास की रफ्तार को कम करने वाला है। यह आंकड़ा कम होने का तात्पर्य यह कतई नही है कि छात्र शैक्षणिक ऋण की मदद की गुहार नहीं लगा लगा रहें हैं। और न ही इसका मतलब यह हुआ कि छात्रों के पास इतना धन है कि सरकारी मदद के बिना ही उनका काम चल जायेगा। सत्यता यह है कि बैंकों की शैक्षणिक ऋण उपलब्ध कराने के प्रति घोर उदासीनता, लापरवाही, भ्रष्टाचार और अधिकारियों व कर्मचारियों का निष्ठुर व्यवहार ही जरुरतमंद छात्रों को बैंकों के चौखट तक फटकने नहीं दे पा रहा है। लोगों में यह आम अवधारणा बन चुकी है कि बैंको से कोई भी ऋण आसानी से मिलने वाला नही है। इसके लिए या तो विचौलियों की मदद लेनी होगी अथवा बैंक अधिकारियों के समक्ष भीख मांगने तुल्य अनुनय–विनय करनी होगी। दूसरी महत्वपूर्ण बात यह है कि बैंकों की जटिल ऋण प्रकिया और ढ़ेरों कागजी कार्यवाही की पेचिदगियां भी छात्रों में शैक्षणिक ऋण के प्रति निराशा पैदा करती है। ऐसे में स्वाभाविक है कि शैक्षणिक ऋण की मदद की आस लगाने वालों छात्रों की संख्या तो कम होगी ही। तीसरी सबसे मुख्य वजह यह है कि आर्थिक रुप से कमजोर छात्रों के पास ऋण प्राप्त करने के लिए बैंको में गारंटी धन रखने की क्षमता का न होना भी है जिसकी वजह से उनको आसानी से ऋण मिलने से रह जाता है। गांव और पिछड़े क्षेत्रों में शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्रों के समक्ष तो बैंको से ऋण प्राप्त करने की और भी दुश्वारियां हैं। उन्हें ऋण लेने के लिए शहरों की ओर दौड़ भाग लगानी पड़ती है। कारण इसका यह है कि आज भी देश के लगभग साढ़े छः लाख गांव अभी भी बैंकिंग सुविधा से वंचित हैं। देश में महज 87000 बैंकों की ही शाखाएं उपलब्ध हैं जो आज जरुरत के लिहाज से काफी कम है। यही नहीं गांव के छात्र सरकार से मिलने वाले शैक्षणिक ऋण की मदद से भी अंजान हैं। गांव का अभिभावक अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने के लिए बैंकों से ऋण लेने के बजाय महाजनों से ऋण लेना ज्यादा मुनासिब समझता है। वह बैंकों से ऋण लेने में डरता है। इस डर के पीछे की मूल वजह क्या है, सबको पता है। इसका दुष्परिणाम यह होता है कि महाजनों के चंगुल में फंसने से लोगों की ऋणग्रस्तता तो बढ़ती ही है साथ ही उनके द्वारा आत्महत्या जैसा कठोर कदम भी उठा लिया जाता है। यही सब कारण है कि आज उच्च शिक्षा का नामांकन दर भारत में सिर्फ 12.4 फीसदी है। जबकि दुनिया के विकसित देशों में उच्च शिक्षा का नामांकन दर 40 फीसदी से कम नहीं है। आज दुनिया के विकसित देशों में प्रति 10 लाख में 4500 छात्र शोध कार्य में संलग्न हैं। यह उच्च शिक्षा के लिए अत्यंत ही गंभीर प्रश्न है। सवाल यह उठता है कि जब उच्च शिक्षा में नामांकन ही नहीं होगा या कम होगा तो शोध कार्य किस बिना पर किया जाएगा। पिछले दिनों केंद्र सरकार द्वारा यह भी कहा गया कि गरीब घर के छात्रों को अब बैंकों से सालाना 4 फीसदी की निम्न ब्याज दर पर शैक्षणिक ऋण सुलभ कराया जाएगा। सरकार का यह कदम स्वागत योग्य है। इसके लिए सरकार संस्थागत व्यवस्था करने की भी तैयारी में है। सरकार उन्हीं छात्रों को चार फीसदी ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराने की बात कर रही है जिनके माता–पिता की औसत आय 4.50 लाख रुपये से कम है। बाकी छात्रों को सात फीसदी ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराएगी। गौरतलब करने वाली बात यह है कि सरकार द्वारा शैक्षणिक मदद के नाम पर अभी तक छात्रों को बैंको द्वारा महज 35000 करोड़ रुपये ही वितरित किया गया है जो लक्ष्य से काफी कम है। इन आंकड़ो से सरकार की लचर शिक्षा ऋण नीति की खामियां ही उजागर होती है। सरकार और बैंकों को मिलकर शैक्षणिक ऋण के संदर्भ में शिक्षण संस्थाओं में जाकर जागरुकता कार्यकम चलाना चाहिए ताकि अधिक से अधिक छात्र लाभान्वित हो सकें। गरीब

छात्रों के लिए बैंक ब्याज दर न्यूनतम रखा जाय। आर्थिक रुप से कमजोर छात्रों के लिए बैंकों में जरुरी गारंटी धन रखने की बाध्यता को सिरे से खत्म किया जाय। कोशिश तो यह भी होनी चाहिए की गांव स्तर पर भले ही न सही लेकिन कम से कम तहसील स्तर पर ही सही बैंकों द्वारा ऋण शिविर लगाकर जरुरतमंद छात्रों को ऋण प्रदान किया जाय। ऋण देते समय बैंक अधिकारियों का कर्तव्य बनता है कि वे छात्रों एवं उनके अभिभावकों को विश्वास में जरुर लें और कम से कम कागजी कार्यवाही सुनिश्चित करें। छात्रों के भरोसा को जीते बिना लक्ष्य की पूर्ति संभव नहीं है। शिक्षा के उपरांत रोजगार प्राप्ति तक छात्रों को ऋण की देनदारी के लिए परेशान न किया जाय। अक्सर सुनने–देखने को मिलता है कि बैंक अधिकारियों द्वारा ऋण प्रदान करने के एवज में सुविधा शुल्क की मांग की जाती है। सरकार को चाहिए कि ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों–कर्मचारियों से निपटने के लिए एक निगरानी कमेटी का गठन करे और उन्हें चिन्हित करक कठोर दंड का प्रावधान सुनिश्चित करे। अन्यथा सरकार का शैक्षणिक ऋण का लक्ष्य सफेद हाथी ही साबित होगा।

REFERENCE

1. भारतीय शिक्षा की समसामयिक समस्याएं मदन मोहन और मालती सारस्वत 2.भारतीय शिक्षा का इतिहास और समस्याएं मालती सारस्वत 3. भारतीय शिक्षा का इतिहास एवं उसकी समस्याएं राम सकल पाण्डेय 4. विभिन्न पत्र पत्रिकाओं में प्रकाशित तथ्य



Sara Publishing Academy
INTERNATIONAL JOURNAL OF SCIENTIFIC RESEARCH
Journal for All Subjects

The Editor,
INTERNATIONAL JOURNAL OF SCIENTIFIC RESEARCH
8-A, BANAS, Opp. SLU Girls College, NR. Congress Bhavan,
Paldi – 380006. Ahmedabad-Gujarat. (INDIA)
Contact: +91 98247 02127, +91 88660 03636
Website : www.theglobaljournals.com
Email Id: ijsr@theglobaljournals.com

Printed at Unique Offset, Novatsing Rupam Estate, Opp. Abhay Estate, Tavdipura, Shahibaug, Ahmedabad